स्क्वैश विश्व कप 2023

वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन (WSF) बोर्ड द्वारा चेन्नई, तमिलनाडु में **स्क्वैश विश्व कप 2023 का आयोजन** किया जा रहा है।

- चेन्नई स्क्वैश विश्व कप में चार अलग-अलग महाद्वीपों की आठ टीमें शामिल हैं: ऑस्ट्रेलिया, कोलम्बिया, मिस्र, हॉन्गकॉन्ग, चीन, भारत, जापान, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका।

स्क्वैश:

- **परिचय:**
  - स्क्वैश **चपलता, रणनीति, प्रतिभा और शारीरिक एवं मानसिक शक्ति** का खेल है।
    - स्क्वैश कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, साथ ही फोर्ब्स पत्रिका द्वारा इसे स्वास्थ्यप्रद खेल के रूप में मान्यता दी गई है।
  - यह **किसी भी मौसम में** और सभी कौशल स्तरों के खिलाड़ियों द्वारा वर्ष भर खेला जा सकता है, जिससे यह एक ऐसा खेल बन जाता है जिसका कोई भी आनंद उठा सकता है।

- **अवलोकन:**
  - सामान्यतः स्क्वैश **एकल मैच दो खिलाड़ियों एवं युगल मैच चार खिलाड़ियों द्वारा खेला जाता है।**
  - यह खेल एक छोटी, **खोखली रबर की गेंद के साथ चार दीवारों** वाले कोर्ट पर खेला जाता है। गेंद को सामने की दीवार पर टिन के ऊपर (फर्श के पास एक सीमा रेखा) और आउटलाइन के नीचे मारा जाना चाहिये।
  - एक मैच में तीन या पाँच खेलों में से सर्वश्रेष्ठ होते हैं। प्रत्येक खेल 11 अंकों के साथ खेला जाता है। 11 अंकों तक पहुँचने वाला पहला खिलाड़ी गेम जीतता है, जब तक कि स्कोर 10-ऑल नहीं हो जाता। उस स्थिति में खेल तब तक जारी रहता है जब तक कि एक खिलाड़ी दो अंकों से आगे नहीं बढ़ जाता।

स्क्वैश विश्व कप:

- **परिचय:**
  - स्क्वैश विश्व कप एक **अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट** है जिसमें **दो पुरुषों और दो महिलाओं के प्रतिनिधित्व वाली राष्ट्रीय टीम एक-दूसरे के खिलाफ चार मैच** खेलती है।
- **इतिहास:**
  - पहला स्क्वैश विश्व कप **वर्ष 1996 में मलेशिया के पेटलिंग जाया** में खेला गया था, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया था।
    - इस मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को 3-0 के स्कोर से हराया।
  - **वर्ष 1999 में एस-हर्टोजेनबोश ('s-Hertogenbosch), नीदरलैंड्स में खेले गए मैच में इंग्लैंड चैंपियन बना।**
  - वर्ष 2011 में मिस्र ने चेन्नई में जीत हासिल की थी। इससे अगले वर्ष चेन्नई में अंडर 21 विश्व कप आयोजित किया गया था।
- **परिवर्तन:**
  - वर्ष 2023 के आयोजन ने कुछ परिवर्तन पेश किये हैं। **टीमों में अब लैंगिक समानता है** जिसका अर्थ है पुरुष और महिला खिलाड़ियों का एक समान प्रतिनिधित्व।

    - इसके अतिरिक्त खेल 7 अंक तक खेला जाएगा जो **वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन के इतिहास में पहली बार होगा।**
- **नियम:**
    - **प्रतियोगिता प्रारूप:** विश्व कप में **दो राउंड-रॉबिन पूल** होंगे, जिसके बाद **नॉकआउट चरण** होगा।
    - **टीम संरचना:** टाई का मुकाबला **दो पुरुषों और दो महिलाओं की टीमों** द्वारा किया जाएगा।
    - **मैच स्कोरिंग:** सभी **मैच 5 गेम के सर्वश्रेष्ठ 7 अंकों** के लिये खेले जाएंगे। 6-6 अंक होने पर, खेल **7 अंकों** तक खेला जाएगा।

वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन:

- वर्ष 1967 में गठित WSF स्क्वैश के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ है जो **जनरल एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन** (GAISF) और एसोसिएशन ऑफ IOC मान्यता प्राप्त इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (ARISF) का भी सदस्य है।
- **123 राष्ट्रीय स्क्वैश संघ WSF के सदस्य हैं** और यह पाँच महाद्वीपीय संघों के साथ मिलकर काम करता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/squash-world-cup-2023